हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- शैक्षणिक परिसर से लगे क्षेत्र में चौपाटी का हुआ था चौतरफा विरोध
- क्रूज बिल्डिंग वाली जगह पर पाथवे पर सफेद व स्लेटी रंग के आधा दर्जन स्मार्ट कियोस्क
- नेहरू नगर के एंट्री पाइंट से परिक्रमा पथ वाले वेंडिंग जोन की तैयारी





## दानी स्कूल के पीछे वाली सड़क पर सजने लगे स्मार्ट कियोस्क, आधा दर्जन कंटेनरनुमा ढांचे हो गए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के बूढ़ातालाब सरोवर किनारे दानी स्कूल के पीछे वाली सड़क पर वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। चौपाटी खोले जाने के चौतरफा विरोध के बाद पूर्व में रायपुर स्मार्ट सिटी ने भले ही चौपाटी का निर्माण रोक दिया, अब उसी सड़क में पाथवे वाली जगह पर्यटन मंडल द्वारा अनुबंधित एजेंसी स्मार्ट कियोस्क ▶▶|शेष पेज 18 पर

### अनुबंधित एजेंसी बनवा रही स्मार्ट कियोस्क

बूढ़ातालाब में दानी स्कूल से लगे सड़क किनारे स्मार्ट सिटी कोई काम नहीं करा रही है। हमने पर्यटन मंडल को बूढ़ातालाब हैंडओवर कर दिया है। पर्यटन मंडल से अनुबंधित कंपनी ही अब वहां अपने पूर्व की योजनानुसार वहां काम कराएगी। इसी कड़ी में स्मार्ट कियोस्क बनाए जा रहे हैं।

**- पीके पंचायती,** जीएम टेक्नीकल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान से 27 लाख लेकर फरार सेल्समैन गिरफ्तार

**रायपुर।** सरोना स्थित शासकीय शराब दुकान से शराब बिक्री के 27 लाख रुपए लेकर फरार कर्मचारी सोनू साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर रायपुरा क्षेत्र से पकड़ा गया है।



वह शराब दुकान का मुख्य सेल्समैन था। दुकान में शराब बिक्री की राशि और शराब के स्टॉक से संबंधित सारा काम सोनू ही संभालता था। शराब दुकान में 23 एवं 24 सितंबर को शराब बिक्री की कुल राशि 27 लाख 17 हजार 470 रुपए को 25 सितंबर को सोनू द्वारा बैंक में जमा कराना था, लेकिन उस दिन वह पैसे जमा नहीं कर उसे लेकर फरार हो गया था। इसकी रिपोर्ट दुकान के प्लेसमेंट एजेंसी बाम्बे इंटिग्रेटेड सर्विस के फील्ड ऑफिसर अभिषेक शर्मा ने आमानाका थाने में दर्ज कराई थी।

### खुखरी-तलवार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक के कब्जे से खुखरी और दूसरे के कब्जे से तलवार जब्त की गई है। पुलिस ने सूचना पर आंबेडकर चौक एवं नाग मंदिर के पास कुंदरापारा से रोहित उइके उर्फ छोटा निवासी प्रेमनगर के कब्जे से तलवार एवं इलियाज खान निवासी कुंदरापारा के कब्जे से खुखरी जब्त की है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### घायल बाइक सवार की मौत आरोपी चालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने वाहन की ठोकर से घायल हुए युवक की मौत के बाद आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 13 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे कंकालीपारा इंडोर स्टेडियम के पीछे की है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, तेज गति से जा रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक कुणाल छूरा निवासी रैनभाटा टिटलागढ़ ओडिशा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना में बाइक सवार स्वाति जाल को भी चोट आई है।

# गैंगस्टर अमन पांच दिन की रिमांड पर, पूछताछ में खुलेंगे कई राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झारखंड से प्रोटेक्शन रिमांड पर रायपुर लाए गए गैंगस्टर अमन साहू को सोमवार को मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अमन साहू को रविवार देर रात को रायपुर लाया गया। उसे रायपुर के 10 और झारखंड के 30 सशस्त्र पुलिस कर्मियों की कड़ी निगरानी में लाया गया है। यहां लाने के बाद आज सुबह उसका सबसे पहले मेडिकल कराया गया। इसके बाद दोपहर करीब 12.30 बजे कोर्ट में पेश किया गया।

रायपुर पुलिस ने गैंगस्टर को पेश करते हुए 5 दिन की रिमांड के लिए अर्जी लगाई थी। इस अर्जी पर कोर्ट में शाम करीब 4 बजे तक वकीलों के बीच बहस भी चली। आखिरकार कोर्ट ने पुलिस की अर्जी मंजूर कर अमन साहू को 5 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब अमन को 19 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे के पहले कोर्ट में पेश करेगी।

## कारोबारी के दफ्तर पर फायरिंग के आरोप में किया गया है गिरफ्तार

**कड़ी सुरक्षा के बीच पांच दिन होगी पूछताछ**

गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर लाने के बाद क्राइम ब्रांच के ऑफिस में रखा गया था, जहां सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। कोर्ट से रिमांड की मंजूरी मिलने के बाद पुलिस अब 5 दिनों तक अमन से पूछताछ करेगी। इसमें तेलीबांधा फायरिंग सहित उसके द्वारा कराई गई अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जाएगी। इससे कई राज खुल सकते हैं। पुलिस यह भी आशंका जता रही है कि अमन साहू का छत्तीसगढ़ में घटित अन्य कई वारदातों के पीछे हाथ हो सकता है। उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर में शूटर्स गिरोह ने दहशत का माहौल पैदा किया था। शहर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में 13 जुलाई को एक कारोबारी के ऑफिस के सामने दिन दहाड़े फायरिंग की गई थी। इस वारदात के बाद जांच करते हुए पुलिस की करीब दर्जनभर टीमे झारखंड, हरियाणा राज्यों में भी भेजी गई थी। पुलिस को भनक लग चुकी थी कि वारदात के पीछे झारखंड के अमनदीप वाल्मीकि गिरोह का हाथ है। इसके बाद पुलिस धीरे-धीरे इस गिरोह के अमनदीप सहित 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें शूटर्स भी शामिल हैं।



### सशस्त्र 40 पुलिस कर्मियों की निगरानी में कोर्ट में किया गया पेश

गैंगस्टर को जिस तरह से झारखंड से 40 सशस्त्र पुलिस कर्मियों की निगरानी में रायपुर लाया गया है। उसी तरह उसे कोर्ट में भी कड़ी निगरानी में पेश किया गया। कोर्ट में लाते समय अमन का चेहरा और सिर दोनों कपड़े से ढके हुए थे। अमन साहू को कोर्ट में लाया ▶▶|शेष पेज 18 पर

### 17 साल की उम्र में अपराध की दुनिया में रखा था कदम

अमन साहू झारखंड का एक कुख्यात गैंगस्टर है। उसने 17 साल की उम्र में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। 12वीं की पढ़ाई करने के बाद मोबाइल का छोटा सा व्यवसाय करने वाले अमन साहू ने बहुत कम उम्र में ही अपना साम्राज्य खड़ा कर दिया। वह कोल माइनिंग कंपनी, कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्ट फील्ड के बिजनेसमैन को टारगेट बनाने लगा। बताया जा रहा है कि अमन के विरुद्ध 70 से ज्यादा मुकदमे थानों में दर्ज हैं। एनटीपीसी कोल परियोजना की आउटसोर्स कंपनी 'ऋत्विक' के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद कुमार की हत्या में भी अमन साहू का हाथ होने की खबर है। शरद कुमार से 60 करोड़ रुपए की रंगदारी की मांग की गई थी। मांग पूरी ▶▶|शेष पेज 18 पर

## दो दिन में मानसून की देशभर से विदाई, जारी रहेगा मौसम में उतार-चढ़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले दो दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून की छत्तीसगढ़ सहित देशभर से विदाई कर दी जाएगी। इस दौरान बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम के माध्यम से केरल में उत्तर-पूर्व मानसून सक्रिय हो जाएगा। राज्य में रात के तापमान में अभी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

- खाड़ी में सिस्टम केरल में सक्रिय होगा उत्तर-पूर्व मानसून

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की विदाई होने के बाद रात के तापमान में अभी थोड़ी गिरावट होगी, मगर दो दिन बाद बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम के असर से राज्य में नमी का प्रवेश होगा, जिससे तापमान में वृद्धि होगी और उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। इधर रायपुर जिले तक मानसून की विदाई होने के बाद सरगुजा संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में रात के तापमान में थोड़ी कमी नजर आने लगी है। पेंड्रा का पारा अब 20 डिग्री से नीचे आ गया है। इसमें दो दिन में और गिरावट होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि इस महीने के अंत यानी दिवाली के दौरान रात में ठंड की मौजूदगी महसूस हो सकती है, मगर दिन में तेज धूप अभी अपना असर दिखाएगी। सोमवार को भी राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से ढाई डिग्री अधिक होकर 34.8 सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन में तेज धूप के साथ समय-समय पर हल्के बादल भी अपना असर दिखाते रहे। बंगाल की खाड़ी में अभी जो सिस्टम बनने वाला है, इसके प्रभाव से 17-18 अक्टूबर को बस्तर के एक दो स्थानों पर बारिश हो सकती है।

## विंटर शेड्यूल में केवल दो फ्लाइट होगी नियमित, ठंड पड़ी तो जयपुर उड़ान का प्रस्ताव


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

देशभर में 27 अक्टूबर से लागू होने वाले समर शेड्यूल के दौरान रायपुर विमानतल के यात्रियों को केवल दो शहरों की उड़ान के नियमित होने की सुविधा मिली है। सालों से लंबित जयपुर की सीधी उड़ान की मांग इस बार भी ठंडे बस्ते में जाने के आसार हैं। जरूरतों और आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विशाखापट्टनम, सूरत, पटना जैसे शहरों के लिए भी सीधी उड़ान संचालित करने की थी।

विमानन कंपनियां डीजीसीए की अनुमति के बाद सालभर में दो बार अपना शेड्यूल बदलती हैं। इस बार भी 27 अक्टूबर से समर शेड्यूल लागू होगा, जो 29 मार्च तक प्रभावशील रहेगा। ठंड के हिसाब से देश के विभिन्न शहरों के लिए फ्लाइट की टाइमिंग का बदलाव किया जाता है। इसका कोई खास असर रायपुर से संचालित होने वाले विमानों की आवाजाही पर नहीं होता। इस दौरान कई एयरलाइंस कंपनियां जरूरतों के हिसाब से कई सेक्टरों में नई फ्लाइट संचालित करने की घोषणा भी करती हैं, जिसमें रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट का नाम फिलहाल शामिल नहीं है। 27 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले विंटर शेड्यूल में केवल रायपुर से चेन्नई और पुणे के लिए तीन और चार दिन संचालित होने वाली फ्लाइट को सातों दिन संचालित करने की घोषणा की गई है। इसके लिए शेड्यूल के हिसाब से बुकिंग भी प्रारंभ की जा चुकी है। रायपुर से विशाखापट्टनम, ▶▶|शेष पेज 18 पर

### 27 से लागू होगा नया टाइम टेबल रायपुर से फिलहाल नई फ्लाइट नहीं




- मांग की थी विशाखापट्टनम, सूरत, पटना जैसे शहरों की सीधी उड़ान की

### यात्री हैं 48 हजार के करीब

त्योहारी गतिविधि शुरू होने की वजह से रायपुर से विमानों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ने लगी है। पिछले सप्ताह दुर्गा पूजा की वजह से काफी संख्या में यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है। आंकड़ों के अनुसार सात से 13 अक्टूबर के बीच करीब 48 हजार यात्रियों ने रायपुर विमानतल से संचालित विमानों में यात्रा की है। इसमें कीरब 24 हजार पैसेंजर दूसरे शहरों के लिए रवाना हुए।

### एयर इंडिया चलाती थी विशाखापट्टनम फ्लाइट

पूर्व में एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया द्वारा रायपुर से विशाखापट्नम फ्लाइट का संचालन किया जाता था। 13 फरवरी 2023 को इस फ्लाइट ने अपनी अंतिम उड़ान भरी थी। कुछ समय पहले इस विमानन कंपनी के विशाखापट्नम फ्लाइट के साथ पुनः वापसी की संभावना जताई जा रही थी। फिलहाल इस बारे में अब तक किसी तरह की पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।




### कोहरे की अग्रिम आशंका जताते हुए 50 दिन पहले उत्तर पूर्व रेलवे ने रद्द की ट्रेन

*दिसंबर और फरवरी के बीच बढ़ते कोहरे को लेकर रेलवे ने दुर्ग-सारनाथ को रद्द करने का लिया फैसला*

## सारनाथ एक्सप्रेस पर कोहरा, दिसंबर से फरवरी तक 38 दिन रहेगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड का मौसम अभी शुरू नहीं हुआ है और रेलवे ने कोहरे के कारण ट्रेनों को रद्द करना शुरू कर दिया है। दुर्ग से पटना के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ठंड में कोहरे का शिकार हो चुकी है। रेलवे ने सोमवार को सर्दियों में पटरी पर अत्यधिक कोहरा होने का कारण बताते हुए 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ को 38 दिनों के लिए रद्द कर दिया है। यह ट्रेन दिसंबर में 13, तो वहीं जनवरी में 14 और फरवरी में 11 दिन नहीं चलेगी। ऐसे में ▶▶|शेष पेज 18 पर

### मौसम जांच करने के बाद किया रद्द

रेलवे ने केवल सारनाथ एक्सप्रेस को अभी कोहरे का कारण बताते हुए रद्द किया है। रेलवे के जानकारों का कहना है कि रेलवे 2 महीने पहले ठंड में मौसम की जांच करता है। इसके बाद अधिक कोहरे वाले रूट पर ट्रेनों को रद्द किया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि अगर कोहरे के बीच ट्रेन को चलाया जाए, तो ट्रेन 8 से 9 घंटे प्रतिदिन विलंब से चलेगी। इससे दूसरे रूट की ट्रेनों का समय भी प्रभावित होगा। इससे बचने के लिए रेलवे ने ट्रेनों को ही सीधे रद्द कर दिया है।




### पिछले साल 39 दिन रद्द थी ट्रेन

कोहरे के कारण इस बार सारनाथ 38 दिन रद्द रहेगी। पिछले साल रेलवे ने 39 दिनों तक ट्रेन रद्द की थी। दिसंबर से पटना जाने साउथ बिहार एक्सप्रेस में यात्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। ट्रेन के रद्द होने से लगभग 8 हजार से अधिक यात्रियों को दिक्कत होगी, जिन्होंने दिसंबर में ट्रेन का टिकट खरीदा था।

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री साव ने किया आवेदनों और समस्याओं का तत्काल निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित रहकर 100 से ज्यादा आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। श्री साव ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और अन्य विभागों के आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। सहायता केंद्र में भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, रूपनारायण सिन्हा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू और आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय शंकर मिश्रा, भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई उपस्थित रहे।

### महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन



**रायपुर।** विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुरुष के पथ संचलन के बाद दूसरे दिन महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन किया गया। राष्ट्र सेविका समिति विश्व का सबसे बड़ा महिला संघटन है। राष्ट्रहित राष्ट्रकार्य में यह संगठन गत 88 वर्षो से कार्यरत है। समिति के द्वारा अनुशासन, देशभक्ती, सेवा भाव से संपूर्ण भारत में 1000 से अधिक सेवा कार्य चलते हैं। यह संगठन 1936 में विजयादशमी को लक्ष्मीबाई केलकर के द्वारा स्थापित किया गया था। उसी के उपलक्ष्य में विजया दशमी के सुअवसर पर सुसंगठित शक्ति के दर्शन के लिए हर वर्ष राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथसंचलन आयोजित किया जाता है। इस वर्ष का पथ संचलन अवन्ति विहार के विद्या निकेतन विद्यालय से आरंभ हुआ। इस संचलन में 225 महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### विश्वकर्मा को दिया गया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा को राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री दर्जा दिया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार के लिए प्रदान किया है। उन्हें नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रशासकीय विभाग यानि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का होगा।
उल्लेखनीय है कि राज्य में नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुशंसा करने इस आयोग का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर किया गया है।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी तय करने भाजपा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए ऐलान होने से पहले ही भाजपा की प्रत्याशी की घोषणा करने की तैयारी है। रविवार को अचानक दिल्ली से नामों का पैनल भेजने के निर्देश आने के बाद आनन-फानन में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक बुलाकर दावेदारों के नामों पर चर्चा की गई। आधा दर्जन से ज्यादा नामों पर चर्चा के बाद नामों का पैनल भेजने की तैयारी है। इसी के साथ चुनाव की घोषणा से पहले क्या तैयारी करनी है, इसको लेकर भी रणनीति बनाई गई।

भाजपा के जानकारों का कहना है कि दिल्ली में जल्द ही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज-कल में होने वाली है। ऐसे में दिल्ली से फोन आया कि रायपुर दक्षिण के लिए जो भी दावेदार हैं, उनके नामों पर चर्चा करके पैनल भेजा जाए। ऐसे में अचानक भाजपा कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बस्तर में होने के कारण बैठक में शामिल भी नहीं हो सके।

जो भी सदस्य रायपुर में थे, उनको फोन करके तत्काल में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर बुलाया गया। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय, पूर्व अध्यक्ष और विधायक विक्रम उसेंडी, धरमलाल कौशिक, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और रामू रोहरा बैठक में शामिल हुए।

## अचानक कोर ग्रुप की बैठक में दावेदारों के नामों पर मंथन, दिल्ली भेजा जाएगा पैनल



### दावेदारों के नामों पर मंथन

भाजपा में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार हैं। इनमें रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी का भी नाम है। इसी के साथ नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे और आरएसएस के विभाग प्रचारक रहे स्वर्गीय जगदीश जैन के पुत्र एवं वर्तमान में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी अवधेश जैन भी शामिल हैं। इनके नामों पर चर्चा करते तय किया गया कि नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजना है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन जिन भी राज्यों में उपचुनाव होने हैं, वहां पर चुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी उसी तरह से तय करने की तैयारी में है, जिस तरह से विधानसभा चुनाव में चुनाव की घोषणा से पहले प्रत्याशी तय किए गए थे।

## मंत्रालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी बैठक

# कैबिनेट की बैठक कल लिए जाएंगे कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में होगी। कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी के लिए बनी उपसमिति की रिपोर्ट पेश की जाएगी। वहीं निकाय चुनावों के लिए बनी समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा करने के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है। वही विभागों द्वारा पेश किए गए अन्य प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में इस साल होने वाली धान खरीदी की तारीखों पर निर्णय लिया जाएगा। धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 30 सितंबर को हुई थी। समिति की बैठक चर्चा की गई कि दीपावली का पर्व इस साल 31 अक्टूबर को है। राज्य के किसान पर्व को लेकर तैयारी में व्यस्त रहेंगे। उसके बाद छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का कार्यक्रम होना है। ऐसे में धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक इंतजाम पर असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए इस बार धान की खरीदी को 15 नवंबर से कराए जाने पर चर्चा की गई है। अब कैबिनेट उप समिति के सुझाव के आधार पर खरीदी की की तारीख तय होगी। पिछले साल 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वहीं इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का फैसला उपसमिति ने किया गया है, इस पर भी मुहर लगेगी। वहीं राज्य स्थापना दिवस, दीपावली पर्व के चलते 1 नवंबर के बजाय 4 नवंबर से समारोह का आयोजन किए जाने पर मुहर लगेगी। राज्योत्सव के दौरान होने वाले अलंकरण समारोह और अन्य मामलों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

### निकाय और पंचायत चुनाव का भी प्रस्ताव

राज्य सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना का अध्ययन करने के लिए आईएएस ॠचा शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है। बताया जाता है कि कमेटी ने दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की अनुशांसा की है। अब कैबिनेट समिति की अनुसंशा के आधार पर इस संबंध में निर्णय लेगी।

# बैज बोले- सूरजपुर की घटना बर्दाश्त के बाहर, सरकार लाचार

## सूरजपुर की घटना सरकार की लापरवाही का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सूरजपुर की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही का परिणाम है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नहीं, इसीलिये अपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। सरकार अपराधियो पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा, प्रदेश की क़ानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है। अब तो हत्या अपराध की घटनाएं बर्दास्त के बाहर हो गयी हैं। सरकार निकम्मी और लाचार बन गयी है। राज्य में जनता इतनी मजबूर हो गई कि अपराधियों का हिसाब खुद करने पर आमादा है। लोहारीडीह और अंबिकापुर में यही हुआ। राज्य में अपराधी इतने ज्यादा बेलगाम हो चुके हैं कि उनसे अब पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं। सूरजपुर आज का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा, पुलिस अपराध तो रोक नहीं पा रही, उलटे निर्दोष लोगों को प्रताड़ति कर रही है। अर्जुन्दा में एक निर्दोष युवक की इतनी पिटाई की गयी कि उसकी हालत देख कर उसके पिता की मृत्यु हो गयी। कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस की लापरवाही से तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण देते हैं, इसलिये अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### ये क्या हो रहा है हमारे छत्तीसगढ़ में : बघेल

सूरजपुर घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। उन्होंने ट्विट कर कहा, लगने लगा है कि शांति का टापू कहे जाने वाले हमारे प्रदेश से कानून नाम की चीज समाप्त हो चुकी है। सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या कर दी गई। उसी हत्यारे ने इस घटना से पहले एक आरक्षक पर गर्म तेल उड़ेला था। जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। घरों में आगजनी की घटनाएं सुनकर व्यथित हूं। कवर्धा के लोहारीडीह में भी यही हुआ था, इससे पहले लोगों ने कलेक्टोरेट में आग लगा दी थी। मैं सभी से शांति की अपील करता हूं और विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे क़ानून व्यवस्था अपने हाथों में न लें। शासन प्रशासन से स्थिति नियंत्रित करने की अपेक्षा है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल, केंद्र ने आठ सड़कों के लिए मंजूर किए 892 करोड़

## 6 जिलों में 324 किमी सड़क का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़क खंडों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। खास बात ये है कि भारत सरकार ने सोमवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।



■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का आदेश

### इन 8 जिलों में बनेंगी सड़कें

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। इस राशि से बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिले में आठ सड़क खंडों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन होगा। भारत सरकार द्वारा मंजूर की गई 892 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से बेमेतरा और मुंगेली जिले में नांदघाट-मुंगेली सड़क खंड में 39 किलोमीटर लंबाई और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क खंड में 43 किलोमीटर लंबाई का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव-चौकी-मोहला मानपुर सड़क खंड में 96.2 किलोमीटर, जशपुर जिले के बागबहार-कोतबा सड़क खंड में 13.5 किलोमीटर, लुड़ेंग-तपकरा-लावाकेरा सड़क खंड में 41 किलोमीटर और जशपुर-आस्टा-कुसमी सड़क खंड में 28 किलोमीटर लंबाई के मजबूतीकरण का कार्य भी इनमें शामिल हैं। बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी-सरवानी-पसीद-अमलडिहा-बरतोरी-दगोरी सड़क खंड के 32.8 किलोमीटर तथा राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी सड़क खंड के 30.4 किलोमीटर का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य भी इस राशि से किया जाएगा।




# एनआरआई कोटे का मामला पहुंचा राजभवन, कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी उठाए सवाल, कार्यवाही की मांग

## कांग्रेस-भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने गवर्नर को भेजा पत्र, करोड़ों की धांधली की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूर के रिश्तेदारों के सर्टिफिकेट के आधार पर निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे से एडमिशन का मामला राजभवन तक पहुंच गया है। करोड़ों रुपए की धांधली की आशंका के साथ कांग्रेस के साथ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी इस आवंटन पर सवाल खड़े किए हैं। मामले की गहराई से जांच और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करने के साथ जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग भी की जा रही है।

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने गवर्नर रामेन डेका को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर आशंका जताई है कि एनआरआई कोटे की सीट इस प्रमाणपत्र की आड़ में अपात्रों को एक से डेढ़ करोड़ में बेची जा रही है। दोनों पार्टियों के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पंजाब हाईकोर्ट के फैसले को सही करार देते हुए नाना, मामा, मौसी, बुआ जैसे रिश्तेदारों के विदेश में रहने के नाम पर सर्टिफिकेट तैयार कर एनआरआई सीट प्राप्त करने की प्रक्रिया को फर्जीवाड़ा माना गया था और इस पर तत्काल रोक लगाने की तल्ख टिप्पणी भी की थी।

**हरिभूमि की खबर का असर, एनआरआई कोटे पर महाधिवक्ता से मांगी राय, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- होगी आवश्यक कार्यवाही**



### चिकित्सा शिक्षा के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने इस मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से चल रहे इस मामले में करोड़ों का बंदरबाट हुआ है, जिसकी जांच कर वास्तविकता सामने लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग के जो अधिकारी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### आदेश की अवमानना

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 24 सितंबर को टिप्पणी की थी। इसके बाद 27 सितंबर से राज्य में काउंसिलिंग की प्रक्रिया वर्ष 2018 के नियमानुसार प्रारंभ की गई है, जो सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना प्रतीत होती है। इसमें आदेश का पालन करते हुए अप्रवासी छात्रों का प्रवेश निरस्त किया जाए। एक निर्धारित तिथि तक कोटे के विद्यार्थी उपलब्ध नहीं होने पर इसमें नीट उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश देने का मौका दिया जाए।

**खबर संक्षेप**

### ब्राह्मण समाज से बनाएं प्रत्याशी, भाजपा-कांग्रेस से रखेंगे मांग

**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव को ज्ञापन सौंपकर आगामी होने वाले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी दिए जाने का पुरजोर मांग की जाएगी। इसके बाद रावणभाठा से कारों के काफिले के साथ शंकर नगर स्थित राजीव भवन पहुंचकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्राह्मण समाज के अरुण शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, नटराज शर्मा, राजेंद्र दुबे एवं चंद्रप्रकाश ब्यास, सुरेश शुक्ल का कहना है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में ब्राह्मण समाजजन बड़ी संख्या में निवास करते हैं। सही मायने में इस विधानसभा में ब्राह्मण समाज सबसे बड़े मतदाता के रूप में है, जिनका अन्य सभी समाज के साथ बराबर का समन्वय वर्षों से बना हुआ है। यही कारण है कि इस उपचुनाव में दोनों पार्टियों से किसी ब्राह्मण को ही प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश कार्यालयों में जाकर ज्ञापन सौंपे जाने के संबंध में पहले से ही लिखित जानकारी दी गई है।

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए मंगाए आवेदन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत नवीन जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सेवा संस्थान, सहकारी समिति, सोसाइटी और पंजीकृत फार्मासिस्ट एवं अन्य से आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। जन औषधि प्रपत्र भरकर स्थानीय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर ने बताया कि नियम, शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

# पीएससी इंटरव्यू स्थगित, फिर से बनेगा पैनल, साक्षात्कार इसके बाद, लौटे अभ्यर्थी

## रविवार को रीता शांडिल्य को नियुक्त किया गया था कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित किया जाने वाला साक्षात्कार स्थगित कर दिया गया है। नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति किए जाने के बाद बोर्ड का पुनर्गठन करने का फैसला किया गया है। बोर्ड में नए सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद ही साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण होंगी। सरकार ने रविवार को ही पूर्व आईएएस रीता शांडिल्य को नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद यह आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य सेवा परीक्षा-2023 के तहत विभिन्न विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर भर्ती होनी है। मुख्य परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद साक्षात्कार की तिथि पीएससी द्वारा घोषित कर दी गई थी। इसके लिए निर्धारित दस्तावेज सत्यापन 14 अक्टूबर अर्थात सोमवार से होना था। कई अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए नया रायपुर स्थित कार्यालय भी पहुंचे, लेकिन उन्हें लौटना पड़ा। वहीं इसके लिए साक्षात्कार 15 अक्टूबर अर्थात आज से प्रारंभ होने थे। इसे भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तिथि अभी घोषित नहीं की गई है।

**खास बातें**

- पहली बार बोर्ड पुनर्गठन के कारण स्थगित किया गया साक्षात्कार
- 17 विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर होनी है भर्ती

### उठ रहे थे सवाल

पीएससी बोर्ड में शामिल व्यक्ति ही साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा होते हैं। पीएससी की विवादित पिछली भर्तियों में भी ये सदस्य साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा थे। इनमें से कई के कॉल डिटेल सहित अन्य तरह की जांच सीबीआई द्वारा कराए जाने की भी सूचना है। इसे लेकर सवाल उठ रहे थे। अब अंततः बोर्ड के पुनर्गणन का निर्णय लिया गया है।



### नई तिथियों की घोषणा शीघ्र ही

*छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार संशोधित साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन की नई तिथियों की घोषणा जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** पर जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पैनल गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कुछ पुराने नामों को इनमें से हटाया जा सकता है। कई नए सदस्यों को भी जोड़े जाने की तैयारी है। इस प्रक्रिया में पखवाड़े भर से अधिक का समय लग सकता है। माहांत में त्योहार के कारण शासकीय अवकाश रहेगा। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि साक्षात्कार अगले माह के बाद ही होंगे।*

## चार मंजिला आवासीय परिसर 38 ब्लाक में 1000 से ज्यादा परिवार प्रभावित

# कचना के बीएसयूपी परिसर में 3 दिन से मोटर खराब, पानी को तरसे रहवासी



- जोन कमिश्नर से लेकर पार्षद तक शिकायत, पानी ढोने की नौबत
- तीसरे दिन बाद पहुंचा अमला मोटर पंप की कराई मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 9 के मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित कचना के बीएसयूपी आवासीय परिसर में मोटर पंप खराब होने से हजारों परिवार पानी की समस्या से त्रस्त रहे। 3 दिनों तक उन्हें निस्तारी से लेकर पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत ऊपर के फ्लोर पर रहने वाले परिवारों को हुई , जिन्हें पंप खराब होने से पानी की बाल्टी ऊपर चढ़ाने मशक्कत करनी पड़ी। भुक्तभोगियों का कहना है अष्टमी के पहले दिन मोटर पंप जल गया, उसे सुधरवाने में 3 दिन लग गए। जोन के जल विभाग के अधिकारी से लेकर जोन कमिश्नर और वार्ड पार्षद से भी प्रभावित परिवारों ने अपनी परेशानी बताई। कचना के 4 मंजिला बीएसयूपी आवासीय परिसर के रहवासियों को 3 दिनों तक पेयजल व निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ा। इस परिसर में 38 ब्लाक बनाये गये हैं, जिनमें एक ब्लाक में 32 फ्लैट हैं। जोन 9 कमिश्नरी संपवेल के माध्यम



से यहां लोगों को पेयजल की आपूर्ति कराती है। संपवेल का मोटर पंप खराब होने से 3 दिनों तक पेयजल आपूर्ति ठप रही। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत जोन दफ्तर में की। उन्हें कहा गया जोन के पास 2 पानी टैंकर है, उसमें से एक पानी टैंकर खराब पड़ा है। एक पानी टैंकर से कसी तरह पानी की व्यवस्था कराई गई। इसमें ग्राउंड फ्लोर से फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड फ्लोर वालों को पानी ऊपर ले जाने में खासी दिक्कत हुई।

### 2000 लीटर की टंकी, बूंदभर पानी नहीं, बोर खराब

*3 दिन से मोटर पंप खराब है। जोन कमिश्नर को परेशानी बताई तो उन्होंने कहा व्यवस्था कराता हूं, पर समय परव्यवस्था नहीं करा पाए। जल विभाग के इंजीनियर को परेशानी बताई तो कहने लगे जोन के पास टैंकर नही है। परिसर में लगा बोरवेल भी खराब हो गया है। काले रंग की 2000 लीटर की पानी टंकी में बूंद भर पानी नहीं है। नगर निगम की ऐसी व्यवस्था समझ से परे है, पार्षद भी ध्यान नहीं दे रहे।*

*-सतीश उपाध्याय, रहवासी कचना बीएसयूपी परिसर*

### पानी के लिए भटकते रहे

अष्टमी से लेकर विजयादशमी तक 3 दिन पानी के लिए भटकते रहे। कोई पूछने तक नहीं आया। मोटर पंप जल गया तो इसे बनवाना था। जोन वाले अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। नहाने से लेकर निस्तारी कार्य में बहुत परेशानी हुई। बड़ी मुश्किल से सोमवार को मोटर पंप बनाने वाला आया। 38 ब्लाक में पानी की समस्या रही।

- **संदीप सोनी**, रहवासी, कचना बीएसयूपी परिसर

### मोटर पंप बन गया, आपूर्ति शुरू

कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर में मोटर पंप ख़राब से लोगों को परेशानी हुई है। संबंधित कर्मचारी को इसके लिए फटकार लगाई है। मोटर पंप बनवाकर लगवा दिया गया है, पानी आपूर्ति शुरू हो गई है।

- **विवेकानंद दुबे**, जोन कमिश्नर, जोन 9 नगरनिगम रायपुर

# गरीबों के खाते में पेंशन की रकम, तीन माह बाद राहत

- समाज कल्याण विभाग से राशि जारी
- सामान्य सभा में जोर-शोर से उठा था मुद्दा
- 70 वार्डों के 30 हजार पेंशनर रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहने वाले गरीब व जरूरतमंद 30 हजार पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग हितग्राहियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए उनके 3 माह की लंबित पेंशन राशि के लिए फंड जारी कर दिया है। गांधी सदन स्थित निगम मुख्यालय की पेंशन शाखा के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के खाते में पेंशन की लंबित रकम डाली जा रही है। जुलाई से लंबित पेंशन राशि को लेकर हरिभूमि ने पेंशनरों की परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब 30 हजार पेंशनरों को राहत देने लंबित पेंशन राशि का भुगतान होना शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा केंद्र व राज्य शासन की आधा दर्जन विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 500 रुपये पेंशन की पात्रता है, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 650 रुपए प्रतिमाह पेंशन की राशि प्रदान की जाती है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में 30 हजार पेंशनर हैं, जिन्हें पेंशन राशि का भुगतान प्रति माह वार्डों में लगने वाले शिविर में किया जाता है। विदित हो कि जुलाई से गरीब व जरूरतमंद पेंशनरों को पेंशन नहीं मिलने से उन्हें भटकना पड़ रहा था। इससे दवाई, इलाज सहित अन्य जरूरतों के लिए उन्हें परेशानी हो रही थी। भुक्तभोगियों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन के अधिकारी व निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक अपनी परेशानी बताई। नगर निगम की सामान्य सभा के प्रश्नकाल में यह मुद्दा जोर-शोर से छाया रहा। हाल ही में समाज कल्याण विभाग की ओर से फंड जारी होने के बाद पेंशनरों के लंबित पेंशन अब उनके खाते में डालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



18 आयुष्मान से दूर दांतों का इलाज सरकारी...



## सिटी इवेंट

# सफलता लक्ष्य तय करने से ही मेहनत का कोई विकल्प नहीं



**रायपुर।** जिले के शासकीय स्कूलों में जेईई एवं नीट की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मार्गदर्शन देते हुए प्रोत्साहित किया। साथ ही विनोबा पोल स्टार के युवाओं को छात्र-छात्राओं के भविष्य संवारने प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि लक्ष्य तय करने से सफलता अवश्य मिलती है। मेहनत और कड़ी लगन के साथ अध्ययन करने से हर ऊंचाइयों को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने शैक्षणिक अनुभव भी साझा किए और युवाओं को सफल बनने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने विनोबा पोल स्टार के छात्र-छात्राओं को भी बैग भेंट किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप भी उपस्थित रहे।

### 20 स्थानों में कोचिंग

उल्लेखनीय है कि रायपुर के 20 अलग-अलग स्थानों में स्कूली बच्चों को निःशुल्क जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए कोचिंग उपलब्ध कराए गए है। जहां पर प्रतिदिन दो से तीन घंटे तक अनुभवी शिक्षक पढ़ाते हैं। उन्हीं में से 100 बच्चों को इसके लिए चयनित किया गया। शासकीय विद्यालयों के छात्र भी मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें और उनका चयन उच्च स्तरीय संस्थानों में हो, इसलिए यह योजना बीते वर्ष प्रारंभ की गई थी। मौजूदा सत्र में भी इसे जारी रखा गया है। बच्चों ने इस दौरान संबंधित क्षेत्र की जानकारी हासिल कई तरह के सवाल पूछे।

## एज्यूकेशन अपडेट

# सीबीएसई प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट जारी, जनवरी में होगी परीक्षा

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2024-25 के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी की गई है। सीबीएसई से संबद्ध या मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा, प्रोजेक्ट और इंटरनल परीक्षा जनवरी में होनी है। हालांकि जिन स्कूलों सें सर्दियों का अवकाश रहेगा वहां परीक्षा 5 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच होंगी। केंद्रीय बोर्ड द्वारा एक आधिकारिक सूचना में कहा गया है, 2024-25 के लिए प्रैक्टिल परीक्षाएं, प्रोजेक्ट अथवा इंटरनल असेसमेंट 1 जनवरी 2025 से होनी हैं। हालांकि कई स्कूलों में सर्दियों की छुट्टी रहती है। ऐसे में उन स्कूलों के लिए परीक्षाएं 5 नवंबर से 5 दिसंबरके बीच होंगी। इस संबंध में गाइडलाइन भी जारी की गई है। स्कूलों को छात्रों की एक फाइनल लिस्ट तैयार करनी होगी। स्कूल सीबीएसई के रीजनल अधिकारियों से संपर्क करेंगे कि वे स्कूल में एक्सटर्नल को भेजें। सभी प्रैक्टिकल,प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट को समय से पूरा करने कहा गया है ताकि उन्हें रीजनल ऑफिस भेजा जा सके।

### 75 फीसदी उपस्थित अनिवार्य

सीबीएसई बोर्ड ने कहा है कि 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में बैठने के लिए छात्र की कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रमुखों को औपचारिक रूप से सूचित किया है कि 75 प्रतिशत उपस्थिति की आवश्यकता को सख्ती से लागू किया जाएगा। हालांकि, कुछ विशेष परिस्थितियों में छूट दी जाएगी, जैसे मेडिकल इमरजेंसी या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भाग लेना। इसके लिए छात्र को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मामलों में, 25 प्रतिशत तक की उपस्थिति की छूट दी जा सकती है। स्कूलों को अनिवार्य उपस्थिति नियम के बारे में छात्रों और उनके अभिभावकों दोनों को बताने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इसका पालन न करने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया है।

## आराधना

# सालासार में सद्गुरू का वर्सी महोत्सव आज, समाज को जोड़ने पर बल



**रायपुर।** सालासार धाम में श्रीश्री 1008 सद्गुरु जीवत पुरी गोस्वामी के 23वें पीठाधीश्वर सतगुरु किशन पुरी गोस्वामी के 34वें वर्षी महोत्सव की धूम मची है। इस तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ रविवार को किया गया। वहीं दूसरे दिन वर्तमान गद्दी नशीन और अखिल भारतीय सिंधु समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत अनंत पूरी गोस्वामी ने समाधि पूजन और अभिषेक किया। ध्वज पूजन करने के बाद माता रानी की आरती विधि-विधान से की गई। इसके बाद संत सत्संग और दर्शन का लाभ श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सिंधु समाज के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी संत हंस दास उदासी ने रीवा से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे। उभल दास उदासी रीवा ने भी समाज और परिवार को जोड़ने पर जोर दिया।

### आज निकलेगी शोभायात्रा

समाज सेवी किशोर आहूजा ने बताया कि प्रदेश सलाहकार स्वामी तुलसी दास मलंग बाबा सूरज नागपुर सहित भारी तादाद में संत समुह ने इसमें प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वर्सी महोत्सव के अंतिम दिन शाम चार बजे से धूमधाम से लिली चौक पुरानी बस्ती के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा का समापन 8 बजे समापन किया जाएगा। इसमें हजारों की तादाद में समाज के लोग शामिल होंगे। वहीं रात में मुख्य महोत्सव स्थल पर अलग-अलग टोलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। सोमवार को महोत्सव में पूर्व सांसद सुनील सोनी, आनेश बजाज, प्रेम बिरनानी आशीर्वाद लेने पहुंचे।

## पीठ दर्द-वात रोगियों के लिए उपयोगी होने से लौट रहा खटिए का चलन

# लौटा खाट... एक्यूप्रेशर का यह प्राकृतिक तरीका, महलों में भी हुई एंट्री, इसे दे रहे स्टाइलिश लुक, चिकित्सकों ने शामिल किया थैरेपी में

> हाई-प्रोफॉइल सुविधाएं अब लोगों की सेहत संबंधित परेशानी का कारण भी बनने लगी हैं। महंगे पलंग-सोफे से जुड़े लग्जरी जीवन जीने वाले लोगों में एक ही जगह बैठकर काम करने व असंयमित खान-पान से वात रोग की समस्या भी होने लगी हैं। पीठ दर्द व हमेशा शरीर दर्द से कराहने वाले एक्यूप्रेशर रिलीफ के लिए रस्सी से निर्मित खटिया का उपयोग एक्सपर्ट की सलाह करने लगे हैं। इससे खटिया क्रेज फिर बढ़ रहा है।





### धूप में रखें खाट को

*न्यूरो थैरेपिस्ट डॉ.गितेश अमरोहित बताते हैं कि एक्यूप्रेशर के जरिए शरीर को रिलीफ देने का यह पुराना तरीका है। पुराने दौर में प्रचलित बगई की रस्सी से गुथकर बनाई गई खटिया आराम देती है। इसमें सोने से शरीर का एयर संतुलित रहता है। इसमें सोने वाले लोगों को सलाह दी जाती है कि अगर रिलीफ के लिए खटिया का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो उसे धूप में रखें। साथ ही खटिया का अचावन हमेशा टाइट रखना चाहिए। ऐसा नहीं करने से उसमें सोने से पीठ दर्द की समस्या भी बढ़ सकती है। खटिया में आराम करने की सलाह हमेशा पीठ दर्द और शरीर दर्द की समस्या से पीड़ितों को देते हैं। खटिया संपूर्ण शरीर को रिलीफ देता है।*

**रायपुर।** राजधानी में ज्यादातर लोगों ने घरों में सुख-सुविधा के साजो-सामान जुटा लिए हैं। उपयोग करने से एक उम्र के बाद लोगों में कई तरह की समस्याएं शुरू होने लगी हैं। आफिस में कुर्सी पर बैठकर काम करने और एसी में बैठने से लोगों में पीठ दर्द की शिकायत बढ़ने लगी है। घर में सोफे पर देर तक बैठने और स्पंज का इस्तेमाल करके तैयार किए गए बिस्तर पर सोने से शरीर को रिलीफ नहीं मिलता है। ऐसे समय में पुराने दौर की प्रचलित रस्सी से बनी खटिया कारगर है। इसके चलते फिर से रस्सी से निर्मित होने वाली खटिया का क्रेज शहर में बढ़ने लगा है। लोग अलग-अलग क्षेत्र में लकड़ी से जरूरी सामान बनाने वाले कारीगरों के पास खटिया खरीदने और गुथवाने के लिए आर्डर देने लगे हैं।

### 2 हजार से 2200 रुपए लागत

बढ़ईपारा में लकड़ी से सोफा, पलंग, पाटा व तखत बनाने वाले भोलाराम विश्वकर्मा और आमापारा में फर्निचर दुकान चलाने वाले नितिन के पास हर महीने 20 से 25 लोग खटिया बनाने के लिए आर्डर देते हैं। इसे देखते हुए रोज कारीगर को इसे बनवाने के बाद दुकान के एक कोने पर सजाना होता है। 3 बाई 6 फीट का खटिया अभी करीब 650 रुपए में फ्रेम कर देते हैं। लोग इसे परंपरागत रस्सी के साथ प्लास्टिक रस्सी से गुथवाने के लिए भी ऑर्डर करते हैं। इसमें रस्सी उन्हें ही खरीद कर लाना होता है। 3 बाई 6 फीट के खाट में लगभग 3 किलो रस्सी लगता है। जिसकी लागत 700 रुपए तक आती है। खटिया गुथने का शुल्क 650 रुपए है यानी 2 हजार से 2200 रुपए में तैयार हो जाता हैं।

### 2 घंटे में तैयार

वहीं खटिया बनाने वाले देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि कारीगर गुथने का 650 रूपए लेते हैं। करीब दो घंटे में खटिया बनाकर देते हैं। ज्यादातर लोग रस्सी से खटिया बनवाते हैं। कपड़े व प्लास्टिक के पट्टे का चलन कम हुआ है। हाई-प्रोफाइल घरों में खाट को एक्यूप्रेशर के लिए बनवाया जा रहा है, इसलिए लोग केवल रस्सी से ही इसे तैयार करवा रहे हैं। स्टाइलिश लुक देने के लिए खाट के चौपाए को उच्च क्वालिटी की लकड़ी से बनवा रहे हैं। इसमें कलाकृतियां भी की जा रही हैं।


### पीठ और शरीर दर्द से बचने कारगर

फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.खगेश देवांगन ने बताया कि एक उम्र के बाद बेड व तख्त पर सोने से पीठ और शरीर दर्द की समस्या बढ़ने लगती है। ऐसे दौर में बचाव के लिए लोगों को खटिया का इस्तेमाल करने कहा जाता है। कई लोग सोने के लिए बरई की रस्सी से खटिया गुथवाने के बाद उसमें आराम करने से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। भविष्य में परेशानी से बचने के लिए रोग ना होने के बाद भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होने से भी यह लाभप्रद है।

# गरीब बेटियों-महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने युवाओं का ग्रुप दे रहा फ्री कम्प्यूटर कोचिंग

**रायपुर।** राजधानी में कई ऐसी संस्थाएं हैं, जो गरीब बेटियों और कामकाजी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने काम कर रही हैं। इनमें कुछ फर्ज हमारा भी से जुड़े युवाओं ने तीन साल पहले एक अनूठी पहल करते हुए 10वीं पास छात्राओं के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर कोचिंग देना शुरू किया। अब संस्था ने शहरी क्षेत्र के साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने के लिए प्रयास शुरू किया है। संस्था के अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत ने अमलेश्वर से सटे खुड़मुड़ा गांव में किराए का मकान लेकर वहां 11 कम्प्यूटर के साथ दूसरा ब्रांच शुरु किया है। इससे पहले भी संस्था ने पहला ब्रांच तीन साल पहले भाठागांव में 21 कम्प्यूटर के साथ फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण देना शुरू किया है।

**अमलेश्वर स्थित खुड़मुड़ा गांव में शुरू किया दूसरा ब्रांच**




### आटो चालक की पीड़ा सुनने के बाद फैसला

रजत अग्रवाल, रवि गोयल और अतुल तिवारी ने बताया कि तीन साल पहले संस्था के अध्यक्ष नितिन सिंह ने एक आटो चालक की बेटी को घर में कम्प्यूटर सिखाते हुए फ्री कोचिंग देनी शुरू की। उन्होंने बताया, गरीब आटो चालक ने आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने से अपनी बेटी को कम्प्यूटर कोर्स नहीं करा पाने की पीड़ा साझा की। इसके बाद उन्होंने आटो चालक की बेटी को फ्री कोचिंग दिया, अब वह पिता का सहारा बन चुकी है।

### नए ब्रांच से पांच छात्राएं जुड़ी

संस्था के संरक्षक राकेश अग्रवाल ने बताया कि खुड़मुड़ा में शुरू किए गए नए ब्रांच की कमान स्मारिका राजपूत को दी गई है। वे दोनों ही सेंटर की प्रभारी के तौर पर सेवा दे रही हैं। वहीं अक्टूबर में शुरू किए गए नए ब्रांच में अभी 5 छात्राओं को निःशुल्क कम्प्यूटर सिखाने के लिए प्रवेश दिया गया है। खुड़मुड़ा में भी भाठागांव की तरह दोपहर एक से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्राओं की संख्या बढ़ने पर टाइम टेबल भी तय करेंगे।

### भाठागांव में 55 को प्रशिक्षण

पहले सेंटर को शुरू करने में अंकित गोयल, सुनील एल गोयल सहित ग्रुप के 42 मेंबर्स ने पैसे जमा करने के बाद संसाधन जुटाए। इसके बाद किराए का मकान लेकर वहां रोज 55 छात्राओं और महिलाओं को फ्री प्रशिक्षण भी देते हैं। 2021 से अभी तक में 165 छात्राओं और महिलाओं को कम्प्यूटर का बेसिक और टेली सिखाने के बाद परीक्षा लिया। इसमें पास होने पर सभी को 3 से 4 महीने में सर्टिफिकेट देते हुए आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दिया गया।

# आरकेसी करेगा हॉकी चैंपियनशिप, गर्ल्स एक्वेटिक्स के साथ दृश्य कला की मेजबानी

**रायपुर।** राजकुमार कॉलेज तीन प्रतिष्ठित आईपीएससी की मेजबानी एक साथ करेगा। इसमें 27 स्कूलों और 1100 प्रतिभागियों का स्वागत किया जाएगा। आईपीएससी हॉकी ब्वॉयज चैंपियनशिप, गर्ल्स एक्वेटिक्स के साथ दृश्य कला उत्सव इसमें प्रमुख है। यह 16 से 18 अक्टूबर तक चलेगा। सोमवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में यह जानकारी आरकेसी के प्रिंसिपल कर्नल अविनाश सिंह ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यहां के प्रतिभागियों ने कई जगह परचम लहराया है। उन्होंने कहा, कई अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे स्कूल कैंपस में हैं। इससे इन मेगा आयोजनों की मेजबानी में मदद मिलेगी। आयोजनों के दौरान 1,500 से अधिक लोगों की मेजबानी की तैयारी पूरी कर ली गई है। हरे-भरे परिसर में प्रतिभागियों को गर्म जोशी से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का एक अनूठा अनुभव देने की तैयारी में वे हैं। इसके लिए जिम्मेदारी का भी विभाजन किया गया है।



27 स्कूलों से 1100 प्रतिभागी होंगे शामिल

**राजधानी में 16 से 18 अक्टूबर तक होगी प्रतियोगिता**

## पहले कुछ आकृतियां ही मिलती थी बाजार में, समय बचाने अब कई डिजाइन

# इस बार 100 से अधिक डिजाइन में रंगोली स्टेनसिल, बारीक और परंपरागत डिजाइन प्राथमिकता, कलर कॉम्बिनेशन के आधार पर चयन

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** दशहरे के साथ ही घरों में रंगोली सजाने का क्रम भी शुरू हो गया है। कुछ घरों में दशहरे से नियमित रूप से रंगोली बनाई जाती है तो कुछ घरों में विशेष पर्व के दौरान ही रंगोली सजाए जाएंगे। इसके लिए बाजार सज चुके हैं। मोहल्लों में दुकान सज्जा के लिए गोलबाजार के थोक व्यापारियों से रंगोली की खरीदी शुरु हो चुकी है। अब त्यौहार के सीजन में समय की कमी के कारण लोग घंटों रंगोली बनाने से बचते हैं। वे बाजारों में मिलने वाले रंगोली छाप की खरीदी करना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसे तैयार करने में कम समय लगता है।

बारीक डिजाइन व रोजाना रंगोली बनाने के लिए दीपावली में नए डिजाइनर के छाप बाजार में आए हुए हैं। इसे अन्य राज्यों से खरीदी कर शहर व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाता है। थोक व्यापारियों द्वारा खरीदी कर कम से कम दामों में फूटकर व्यापारियों को दिया जाता है। सभी छाप अर्थात स्टेनसिल की कीमत 5 से 200 रुपए तक है। महिलाएं इनका चयन कलर कॉम्बिनेशन के आधार पर भी कर रही हैं, अर्थात किस स्टेनसिल में रंगों का सामंजस्य बेहतर बैठेगा, इसे देखते हुए आकृतियों का चुनाव कर रही हैं।



### प्लास्टिक रंगोली प्लेट में भगवान की छाप

संतोषी नगर स्थित दुकान संचालक पीयूष जयसवाल ने बताया, दुकान में 50 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की रंगोली छाप मौजूद है। सभी छाप की कीमत आकार के अनुसार तय है। इसमें प्लास्टिक के रंगोली प्लेट की डिमांड सबसे अधिक है, जिसमें कलश, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, माता लक्ष्मी के पैरों की छाप, फूल, दीपक, श्री गणेश, मोर, हनुमान भगवान व लक्ष्मी माता के डिजाइन बने हुए हैं। वहीं रंगोली नेट की खरीदी भी बड़ी संख्या में की जाती है, जिसमें डिजाइनर छाप लोगों की पहली पसंद होती है।





### पुणे से आई रंगोली छाप

थोक व्यापारी हाजी मो. जाहिद ने बताया, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापारियों द्वारा खरीदी की जाती है। रंगोली व डिजाइन तैयार करने वाले वस्तुओं की खरीदी गणेश चतुर्थी से ही शुरु हो जाती है, जो निरंतर दीपावली तक चलती है। इसमें रंगोली प्लेट, रंगोली ग्लिटर , रंगोली स्टैम्प, रंगोली पेन, रंगोली रूलर, रंगोली नेट की खरीदारी की जाती है। छत्तीसगढ़ के छोटे-बड़े दुकान संचालकों से लेकर अन्य राज्यों में भी वस्तुओं की बिक्री की जाती है। रंगोली सांचे की विभिन्न डिजाइन पुणे से मंगाई जाती है। इसकी कीमत 2 रुपए से शुरु होकर 100 रुपए तक है। इसे व्यापारी अपना लाभ निकालकर बेचते हैं। डिजाइन छाप में सबसे अधिक रंगोली प्लेट व रंगोली नेट की खरीदी होती है, जिसमें सौ से अधिक डिजाइन बाजार में मौजूद हैं।


मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. जे.पी. नड्डा
मा. विष्णुदेव साय
मा. नितिन नवीन
मा. किरण सिंह देव
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले
हमारे प्रेरणास्त्रोत, पूर्व मुख्यमंत्री, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा
मा. डॉ. रमन सिंह जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
15
अक्टूबर
मा. डॉ. रमन सिंह
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ विधानसभा
पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
विनीत : गोविंदा गुप्ता, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, रायपुर

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति के लिए चलाया निजात अभियान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह (नापुसे) द्वारा जिले में अपनी पदस्थापना के बाद से समाज में लोगों को नशा से मुक्त करने के लिए निजात अभियान चलाया जा रहा है, जिसे पूरे रायपुर जिले में एसएसपी के मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारी द्वारा निजात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्षम सेवा संस्थान देवेंद्र नगर से सचिव अविनाश चटर्जी, कार्यालय प्रमुख सतीश कुमार, जिला महिला प्रमुख डॉ. संगीता कश्यप व जिला युवा प्रमुख सुभाष जंघेल द्वारा सोमवार को आजाद चौक थाने में काउंसिलिंग पुलिस की उपस्थिति में की गई, नशे में लिप्त 7 व्यक्तियों की काउंसिलिंग की गई, नशा क्यों करते हैं, नशे से शरीर में होने वाले नुकसान, समाज में उनके प्रति दृष्टिकोण, परिवार में अशांति, विवाद, दुर्घटना के फलस्वरूप उपचार पर होने वाले खर्च, पुलिस, कोर्ट, कचहरी समेत अन्य दुष्परिणामों की जानकारी, थाना प्रभारी एवं सक्षम सेवा संस्थान रायपुर टीम द्वारा दी गई। काउंसिलिंग कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, अनिल कुमार साहू, महिला पुलिस किरण मेश्राम तथा टीजीआर तनुश्री उपस्थित रहे।

# आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से आया बूम, 9 दिन में बिके 27 हजार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आटोमोबाइल सेक्टर में एक बार फिर से नवरात्रि से बूम आ गया है। बीते दो माह से वाहनों की बिक्री की रफ्तार मंद पड़ गई थी, पर नवरात्रि से वापस आटोमोबाइल सेक्टर में बिक्री की रफ्तार टॉप गियर में पहुंच गई है।

9 दिनों में रोज तीन हजार के हिसाब से 27 हजार वाहन बिके हैं। यह बीते साल से दस फीसदी ज्यादा है। बीते साल 24 हजार वाहन बिके थे। अब पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर भी जमकर वाहनों की बिक्री होगी। इस माह एक लाख से ज्यादा बाइक करीब 20 हजार चारपहिया वाहनों के बिकने का अनुमान है। त्योहारी सीजन में गणेशोत्सव और नवरात्रि में हर दिन को शुभ मानकर वाहनों की खरीदारी होती है। इस बार भले गणेशोत्सव में कम वाहन बिके, लेकिन नवरात्रि ने कारोबारियों को निराश नहीं किया। पूरे नौ दिनों तक लगातार वाहन बिके। इन 9 दिनों में जहां सबसे ज्यादा 21 हजार बाइक बिकी, वहीं तीन हजार कारें और तीन हजार अन्य वाहन जिसमें ट्रक, बस, कमर्शियल वाहन, ई-रिक्शा आदि शामिल हैं।

**गणेशोत्सव की मंदी से उबरे, बीते साल से दस फीसदी ज्यादा बिके वाहन**



**दस फीसदी ज्यादा बिके वाहन**

इस बार नवरात्रि में 9 दिनों तक वाहनों की अच्छी बिक्री पूरे राज्य में हुई है। बीते साल की नवरात्रि से दस फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है।

- विवेक गर्ग, छत्तीसगढ़ राज्य अध्यक्ष फाडा

### अब पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर आएगा बूम

नवरात्रि में जिस तरह का कारोबार हुआ है, उससे आटोमोबाइल सेक्टर के कारोबारियों को उम्मीद है कि पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर जमकर कारोबार होगा। इन दो दिनों में सबसे ज्यादा वाहन बिकते हैं। इसके लिए अभी से बुकिंग भी हो रही है। पूरे त्योहारी सीजन में जहां एक लाख से ज्यादा बाइक बिकने का अनुमान है, वहीं भारी संख्या में चारपहिया वाहन बिकेंगे। कुल मिलाकर दो से ढाई हजार करोड़ का कारोबार हो जाएगा।

### दो माह से चल रहा था मंदी का दौर

अपने प्रदेश में बीते दो साल से आटोमोबाइल सेक्टर में लगातार कारोबार बढ़ रहा है। जहां बीते साल 2022 से औसत 20 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है, वहीं इस साल बीते साल से लगातार अच्छा कारोबार हो रहा है। नए सत्र के पहले माह अप्रैल में तो बीते साल से 43 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ। जहां बीते साल 39690 वाहन बिके थे, वहीं इस साल 57241 वाहन बिके। इसके बाद मई में 54994 वाहन बिके जो बीते साल से 38 फीसदी ज्यादा है। इसके बाद जून में 53049 वाहन बिके, यह बीते साल से 25 फीसदी ज्यादा है, लेकिन मई और जून में अप्रैल से कम वाहन बिके। जुलाई में बिक्री में थोड़ा इजाफा हुआ और 54547 वाहन बिके, यह बीते साल से 35 फीसदी ज्यादा है। अगस्त में भी बीते साल से 31 फीसदी ज्यादा वाहन बिके। इस माह 46361 वाहन बिके। प्रतिशत भले बीते साल से ज्यादा रहा, लेकिन अप्रैल की तुलना में 10 हजार वाहन कम बिके हैं। यही स्थिति सितंबर में भी रही है।

## राशन दुकानों से हितग्राहियों को मिलेगी राहत

# 55 नई एवं 4 पुरानी राशन दुकानों के लिए मंगाए आवेदन, जल्द होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में उचित मूल्य की 55 नई राशन दुकाने खुलेंगी। इसके लिए खाद्य विभाग ने 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए हैं। इससे पूर्व राजधानी में 228 दुकाने संचालित हैं।

नई दुकानों के खुलने के बाद राशन दुकानों की संख्या बढ़कर 287 हो जाएगी। नई दुकानों के अलावा 4 पुरानी दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। ये चारों दुकाने अभी तक अटैच में थी। इन दुकानों का अलग-अलग कारण से आबंटन निरस्त किया गया था। हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलने में परेशानी न हो, इसका ख्याल करते हुए इन चारों



दुकानों को दूसरी समितियों में अटैच किया गया था। अब इन अटैच दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

**59 दुकानों के लिए मंगाए गए आवेदन**

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई सहित 59 राशन दुकानों के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

**32 वार्डों में खुलेंगी 55 नई दुकानें**

शहर में 55 नई दुकानों को खोलने के लिए वार्ड तय कर लिए गए हैं। इसके तहत 55 नई दुकाने 32 वार्डों में खोली जाएंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन वार्डों में राशन दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 500 से ज्यादा है। उसे ध्यान में रखते हुए वार्ड में नई दुकानें खोली जा रही हैं। इसके तहत किसी वार्ड में 1, कहीं 2-3 तो कहीं 4 एवं 5 दुकान भी शामिल हैं।

# वेतन विसंगति व क्रमोन्नति की मांग 24 को जिला मुख्यालयों में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर संविलियन प्राप्त शिक्षक लंबित मांगों को लेकर 24 अक्टूबर को प्रदर्शन करेगे। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को सभी जिलों में मुख्यमंत्री, सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने क्रमोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। प्रांत संचालक गण मनीष मिश्रा, विरेन्द्र दुबे, विकास राजपूत व संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भर कमे शिक्षक आंदोलन करेंगे। शिक्षक मोर्चा के प्रांत संचालक विरेन्द्र दुबे ने बताया मोदी



की गारंटी में सरकार द्वारा लिए गए संकल्प में सहायक शिक्षकों सहित सभी वर्गों के वेतन में व्याप्त विसंगति को दूर करने की बात कही गई । संविलियन वर्ष से सेवा गणना करने पर पूर्व के कई वर्षों की सेवा अवधि को शून्य माना जा रही है, शिक्षकों के साथअन्याय है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विरेद्र दुबे के नेतृत्व जिला कलेक्टर और जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में भानु डहरिया, ओमप्रकाश सोनकला, गंगाशरण पासी, शामिल थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक / / वाचक / ना. तह. / 2023-2024 रायपुर
दिनांक 14/10/2024
प्रति,

रेख लाल सोनकर पिता श्री पीताम्बर सोनकर निवासी दुर्गा चौक, भाठागॉव तहसील व जिला रायपुर
विषयः- राजस्व मामला क्रमांक /20240911 5600002/अ-6 / वर्ष 2023-2024 पक्षकार श्रीमती आशा सिंह पति भूपनारायण सिंह विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम भाठागॉव, प.ह.नं. 60, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

--00--

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा सिंह पति भूपनारायण सिंह निवासी टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम भाठागॉव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 955/3 का भाग रकबा 3180 वर्गफुट भूमि को विक्रेता रेख लाल सोनकर पिता श्री पीताम्बर सोनकर निवासी दुर्गा चौक, भाठागॉव तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19/02/2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 21/10 /2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10 /2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**


# कांग्रेस गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की लड़ाई लड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- साइंस कॉलेज यूथ हब को लेकर पूर्व विधायक विकास का बयान

साइंस कॉलेज यूथ हब में बुलडोजर चलाने को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बयान में कहा कि रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पश्चिम विधायक राजेश मूणत सत्ता के नशे में अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। लगभग साल-डेढ़ साल से उस यूथ हब में स्टाल का संचालन हो रहा है, जबकि इसे लेकर पूर्व मंत्री मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे का कारोबार बढ़ेगा, चाकूबाजी और हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं होंगी, लेकिन यूथ हब के प्रारंभ से लेकर अब तक उस जगह पर किसी भी प्रकार का अपराध नहीं हुआ है। इसकी जानकारी संबंधित थाने में जाकर ली जा सकती है और वहीं वर्तमान में लोगों को वहां रोजगार मिल गया है तो बीजेपी को तकलीफ हो रही है। वर्तमान विधायक मूणतजी केवल अपनी हठधर्मिता के कारण उस यूथ हब को तुड़वाना चाहते हैं। जैसे इसी हठधर्मिता के कारण उन्होंने स्काईवॉक का निर्माण कराया और जिस स्काईवॉक को लेकर रायपुर की जनता के बीच में उनकी किरकिरी हुई, उसे फिर दोहराने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की लड़ाई लड़ेगी।

**डॉग गुमशुदा**



डॉग नाम- Buddy,
दिनांक- 08.10.2024
दिन- मंगलवार को शाम से गायब हो गया है अतः जिस किसी भी सज्जन को मिले या दिखे तो तत्काल संपर्क करें या कॉले करें।
पता- अनुपम गार्डन जीई रोड के पीछे 6, डूंगाजी कॉलोनी रायपुर (छ.ग.)
सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जावेगा।
मो. 73019 60000
85757 20000

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता जगन्नाथ सोनी पिता मुन्ना लाल सोनी निवासी सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) के हक, आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा खुड़मुड़ा, प.ह.नं०-00005, रा.नि.मं.- भिलाई तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नंबर-150, रकबा 0.8100 हेक्टेयर है. को क्रय करने का पक्का सौदा तय किया जा चुका है. जिसकी मात्र विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय अंतरण व संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बीमा कंपनी, साहूकार, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या निजी संस्था व निकाय को कोई उजर दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे उक्त पते पर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर देवें। बाद मियाद पेश की गयी कोई आपत्ति या उजर दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार, विक्रेता को विक्रय प्रतिफल की राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करा लेवेगा ।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-18.06.2024

**अश्वनी कुमार राव, अधिवक्ता**
**पता- प्रथमतल, कमरा नं.-110. टेबल नं.-14, सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 74892-34931**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## बिजनेस साइट

# सेंट्रल बैंक के कार्यपालक निदेशक महेंद्र दोहरे का रायपुर दौरा



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक महेंद्र दोहरे अपने पहले रायपुर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे सहायक महाप्रबंधक और मुख्य प्रबंधक स्तर की शाखाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे एक ऋण एवं वसूली कैंप में शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ सरकार के उच्चाधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। श्री दोहरे ने अक्टूबर 2023 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक का कार्यभार संभाला है। उनके पास 25 वर्षों से अधिक का बैंकिंग अनुभव है और वे ग्राहक सेवा, दबावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल परिवर्तन और क्रेडिट निगरानी जैसे विभिन्न क्षेत्रों की देखरेख करते हैं। रायपुर में उनके प्रवास की संयोजन रायपुर आंचलिक प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक करेंगे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी और अधिकारी श्री दोहरे के दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# ब्रेस्ट कैंसर का मुख्य कारण खराब लाइफस्टाइल : डॉ. भारत भूषण



**रायपुर।** ब्रेस्ट कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करती है, हालांकि पुरुष भी इसके शिकार हो सकते हैं। इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल अक्टूबर में स्तन कैंसर जागरूकता माह मनाया जाता है। इस मौके पर एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर के कई रिस्क फैक्टर होते हैं। इनमें से कुछ को नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि कुछ ऐसे हैं, जिन्हें रोकना मुश्किल है। उनके अनुसार लाइफस्टाइल के विकल्प इस बीमारी के खतरे को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए अतिरिक्त वजन या मोटापा, विशेषकर मेनोपॉज के बाद, ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। इसके अलावा शारीरिक सक्रियता की कमी भी इस जोखिम को बढ़ा देती है। नियमित व्यायाम से हार्मोन के स्तर को संतुलित करने में मदद मिलती है और स्वस्थ वजन बनाए रखने में सहायता मिलती है।

# कोलंबिया कॉलेज में सामुदायिक कार्यक्रम



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ने हाल ही में टोर ग्राम पंचायत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक सामुदायिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे और उप प्राचार्य डॉ. आभा दुबे ने किया। इस जागरूकता अभियान में बीएड और डीएलएड के विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों को बालिकाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य यह जानना था कि स्थानीय लोग बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के प्रति कितने जागरूक हैं।




























मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ
छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं
छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष
आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
आपको
जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं !
विनीत - RM GROUP
ATUL PUBLICITY

# साम्राज्य रेसीडेंसी प्रकरण में रेरा ने सुनाया फैसला, बिल्डर को जारी किए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खमतराई स्थित साम्राज्य रेसीडेंसी रेजिडेन्शियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी के प्रकरण पर रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने फैसला सुनाया है। सोसाइटी के रहवासियों ने रेरा में शिकायत की थी कि सोसाइटी का निर्माण कराने वाले बिल्डर ने फ्लैट्स लेने वालों से कई मूलभूत सुविधाएं देने का वादा किया था, लेकिन अब वह अपने वादे से पलट रहे हैं, जिससे रहवासियों को परेशानी हो रही है। इस प्रकरण में रेरा ने अब बिल्डर को अपने वादों को 45 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## रहवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है




### 45 दिनों के भीतर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश

प्रकरण में रेरा प्राधिकरण ने पाया कि बिल्डर ने नियमों का उल्लंघन किया और कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का सही ढंग से संचालन नहीं किया। प्राधिकरण ने बिल्डर के विरुद्ध निर्देश जारी किये हैं कि 45 दिनों के भीतर बिल्डर द्वारा सोसाइटी के उपयोग के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र हस्तांतरित करने के साथ विद्युत ऑडिट कराकर ट्रांसफार्मर की क्षमता अपग्रेड करना होगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि झूला घर की व्यवस्था एवं छतों में आई दरारों की मरम्मत तथा क्लब हाउस को परियोजना के विधिवत आधिपत्य सोसाइटी को देना होगा।

### परियोजना के ब्रोशर में किए गए थे कई वादे

*सोसाइटी के रहवासियों ने बिल्डर आधारशिला डेव्हलपर्स के विरुद्ध की गई शिकायत में आरोप लगाया था कि परियोजना के ब्रोशर में क्लब हाउस, पर्याप्त पार्किंग सहित कई वादे किए गए थे। इन सुविधाओं की उम्मीद में ही लोगों ने सोसाइटी में फ्लैट खरीदे थे। प्रकरण में सोसाइटी का प्रतिनिधित्व कर रहे अक्यूटी लॉ चैंबर के अधिवक्ता सरवेश खटनानी और अधिवक्ता शिखर श्रीवास्तव ने रेरा के समक्ष यह दलील दी कि बिल्डर द्वारा आवश्यक सुविधाएं पूरी नहीं की गईं। उन्होंने कहा कि परियोजना की गुणवत्ता और सामान्य क्षेत्रों के उचित रखरखाव नहीं करने से रहवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*

## खबर संक्षेप



### देव, गुरु और धर्म के प्रति श्रद्धा है सम्यक दर्शन : मुनि विजय

रायपुर। संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। सोमवार को महामंगलकारी शाश्वत ओलीजी की आराधना का छठवां दिन रहा। तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी ने सम्यक दर्शन प्राप्ति के बारे में धर्मसभा में बताया। मुनिश्री ने कहा कि सिद्धचक्र पूजन के अंदर सम्यक दर्शन की व्याख्या की गई है कि देव, गुरु और धर्म के प्रति श्रद्धा सम्यक दर्शन है। ऐसे ही अलग-अलग शास्त्रों में कहा गया है कि छह जीव निकाय के ऊपर श्रद्धा सम्यक दर्शन है। सम्यक दर्शन आने के बाद जीव के जीवन में परिवर्तन होता है। उन्होंने आगे कहा कि सम्यक दर्शन आने के बाद जीव की दृष्टि बदल जाती है। दृष्टि ऐसी होती है कि देव, गुरु व धर्म की कृपा से सब अच्छा है। देव, गुरु व धर्म की कृपा से धर्म की आराधना होती है व कर्म का क्षय होता है।

### सीता प्रदर्शनी में हिस्सा लेने प्रदेशभर से पहुंचे डिजाइनर



रायपुर। राजधानी रायपुर के मोवा स्थित कूल होम्स के क्लब हाउस में सोमवार को एक दिवसीय सीता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए आयोजनकर्ता सीनी श्रीकुमार एवं ममता टावरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने किया। प्रदर्शनी में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से तकरीबन 35 डिजाइनर राजधानी पहुंचे थे, जहां रायपुरवासियों के लिए ज्वेलरी, कॉस्मेटिक्स, परफ्यूम्स, फुटवियर, साड़ी, सूट, लहंगा, हैंडमेड आइटम्स, होम डेकोर सहित स्वादिष्ट व्यंजन की बड़ी वैरायटीज उपलब्ध रही। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योग संचालित करने वाली महिलाओं को मंच देना था। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जो रात 9 बजे संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में समाजसेवी सविता गुप्ता उपस्थित रहीं।

## निधन

### लक्ष्मीकांत शिर्के



रायपुर। अवंती विहार निवासी लक्ष्मीकांत शिर्के का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकलेगी। वे श्रीकांत शिर्के के छोटे भाई और सारांश शिर्के के पिता थे।

### रजनीबाई साहू



रायपुर। टीचर्स कॉलोनी कोटा निवासी रजनी बाई साहू (55) का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार विकास नगर गुढ़ियारी मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक साहू की पत्नी और राजू एवं भूपेंद्र साहू की माता थीं।

### दर्शन लाल राउत



रायपुर। रावतपुरा भाठागांव निवासी दर्शनलाल राउत (62) का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अक्टूबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे जागेन्द्र कुमार, स्वप्निल व संगीता राउत के पिता थे। उनके निधन पर कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने सोमवार को मुलाकात कर राज्य की विभिन्न पर्यटन गतिविधि और योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान निःशुल्क श्री राम लला अयोध्या दर्शन योजना की विस्तार से जानकारी दी और बस्तर के शिल्पकारों द्वारा निर्मित वनवासी राम की बेल मेटल की प्रतिमा भेंट की। केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने प्रबंध संचालक आचार्य को राज्य में पर्यटन संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आचार्य ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव एमआर सिंदरेम से मुलाकात कर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की योजना स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फ़ॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट - डेवेलपमेंट ऑफ आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन टू ग्लोबल स्केल के तहत रायपुर में फ़िल्मि सिटी, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसॉर्ट, नेचर सिटी की नवीन योजनाओं के लगभग 300 करोड़ के प्रस्ताव सबमिट करते हुए छत्तीसगढ़ में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित, स्वदेश दर्शन योजना एवं प्रशाद योजना की प्रगति की जानकारी भी दी।



■ राज्य में पर्यटन संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग करने का दिया आश्वासन

# आयुष्मान से दूर दांतों का इलाज सरकारी में सुविधाएं ही नहीं

## निजी अस्पतालों में कट रही मरीजों की जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अलग-अलग बीमारियों के इलाज का पैकेज तीन हजार से एक लाख तक

प्रदेश के लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दावों के बीच दांतों की बीमारी से जूझने वाले मरीजों की जेब अभी भी निजी अस्पतालों में कट रही है। एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज और कुछ हेल्थ सेंटरों में इसकी सुविधाएं सीमित हैं, जिसकी वजह से मरीजों को प्राइवेट डेंटिस्ट के पास जाना पड़ता है। निजी अस्पतालों में दांतों की बीमारियों के इलाज का पैकेज तीन हजार से लेकर एक लाख रुपए तक है।

करीब पांच साल पहले निजी डेंटिस्टों द्वारा दांतों की बीमारी के नाम पर अनावश्यक इलाज करने की बड़ी शिकायतों के बाद इसके उपचार की सुविधा को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के पैकेज से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद सरकारी सेक्टरों में दांतों की बीमारी के उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने की योजना थी, जो अब तक पूरी



तरह से सफल नहीं हो पाई है। राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पुरानी मशीनों के भरोसे आने वाले मरीजों की जांच की जा रही है। यहां आधुनिक सुविधाओं वाली विभिन्न तरह की जांच मशीन खरीदने का प्रस्ताव है, मगर खरीदी की प्रक्रिया शासकीय व्यवस्था के तहत अटकी पड़ी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल स्तर पर डेंटिस्टों की नियुक्ति की गई है, मगर उन्हें संसाधन सीमित मात्रा में दिया गया है, जिसकी वजह से प्रारंभिक जांच अथवा दांत उखाड़ने की प्रक्रिया पूरी कर मरीजों को डेंटल कालेज अथवा निजी क्लीनिक जाने की सलाह दी जाती है। दांतों की बीमारी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से बाहर है, इसलिए मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर इलाज के लिए ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ती है।

### दंत चिकित्सालय की मशीनें आउटडेटेड

सूत्रों के अनुसार राज्य में एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय राजधानी में संचालित होता है। यहां पढ़ाई के साथ आने वाले मरीजों को उपचार की सुविधा भी दी जाती है। सूत्रों के अनुसार यह की ज्यादातर मशीन आउटडेटेड हो चुकी हैं, जिसकी वजह से अधिक जांच के बाद यह बंद हो जाती है और जरूरतमंद मरीजों को अगली तारीख देनी पड़ती है। यहां सीबीसीटी मशीन की खरीदी की प्रक्रिया अभी तक सीजीएमएससी पूरी नहीं कर पाई है। रोजाना ओपीडी में आने वाले चार सौ में से करीब डेढ़ सौ मरीजों को जांच के लिए अगली तारीख देनी पड़ती है।

### उपचार के लिए डेंटल चेयर उपलब्ध

सूत्रों के अनुसार राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटिस्ट की नियुक्ति की गई है। उन्हें उपचार के लिए डेंटल चेयर उपलब्ध कराया गया है, मगर अन्य संसाधन नहीं दिए गए हैं। जिले में आयुर्वेदिक अस्पताल, गुढ़ियारी, भाठागांव तथा धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटिस्ट की नियुक्ति की गई है जो मरीजों की जांच और उपलब्ध संसाधनों से मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

### निजी अस्पतालों में दांतों का महंगा इलाज

| बीमारी | औसतन खर्च |
|---|---|
| इंप्लाट | 20 से 25 हजार रुपए |
| मसूड़े की सर्जरी | 20 हजार रुपए |
| आरटीसी | 3 से 7 हजार रुपए |
| कैप कव्हर | 3 से 9 हजार रुपए |
| जबड़े का फ्रेक्चर | 50 हजार से 1 लाख |
| बत्तीसी लगाने का व्यय | 30 से 50 हजार |

# 'रोजगार दो, नशा नहीं' युवा कांग्रेस का कल दिल्ली में प्रदर्शन

रायपुर। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, रोजगार को लेकर दिल्ली में कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदर्शन में देशभर से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। दिल्ली के बाद पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। 16 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन के दौरान नशे को खत्म करने और युवाओं को रोजगार देने की मांग की जाएगी। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ से भी सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के मुताबिक छत्तीसगढ़ से करीब 1200 कार्यकर्ता इस आंदोलन में शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने इस मौके पर एक पोस्टर भी जारी किया। प्रदर्शन में नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में पूरे देश भर से आए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार को नींद से जागने का प्रयास करेंगे।

■ छत्तीसगढ़ से युवा कांग्रेस के 1200 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल

### प्रेस क्लब में आज से फोटो प्रदर्शनी

रायपुर। प्रेस क्लब में तीन दिवसीय 15 से 17 अक्टूबर तक फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रदर्शनी तीन केटेगरी- न्यूज, पर्यटन-संस्कृति और डेवलपमेंट (विकास) विषय पर आधारित है। रायपुर प्रेस क्लब सदस्यों के लिए आयोजित इस फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में करीब 3 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सहयोग से आयोजित यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए भी खुली रहेगी। प्रेस क्लब महासचिव डा. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी समेत सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का लाभ उठाने का अपील की है।

# अधर्म की हार और धर्म की जीत का महापर्व दशहरा : ऋचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोनडोंगरी सेवा संघ द्वारा ग्राम सोनडोंगरी में दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की नेत्री ऋचा जोगी शामिल हुईं और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन चरित्र में एक पुत्र के रूप में पुत्र धर्म और एक राजा के रूप में जो राजधर्म का पालन करते हुए त्याग और तपस्या का महान उदाहरण प्रस्तुत किया, वह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने कहा, 14 वर्ष तक वनवास में रहते हुए भगवान राम ने देश के असंख्य लोगों के बीच सत्य, प्रेम, दया और मर्यादा का का संदेश पहुंचाया। रावण का दहन कर अहंकार और असत्य को पराजित किया।

उन्होंने कहा, दशहरे का दिन एक ऐतिहासिक और विशेष दिन है, यह दिन सिर्फ रावण दहन करने का नहीं, बल्कि अपने अंदर की बुराईयों को मारकर सत्य पर विजय



पाने का दिन है, अंधकार को हराकर उजाले की ओर जाने का दिन है, अधर्म की हार और धर्म की जीत का महापर्व है दशहरा। ऋचा जोगी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की पुत्रवधू और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की धर्मपत्नी हैं। कार्यक्रम में पार्टी के संगठन मंत्री सौरभ झा, जिला अध्यक्ष संदीप यदु, अजीत जोगी युवा मोर्चा के अध्यक्ष गौरव सिंह, अमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### दानी स्कूल के पीछे...

बनवाने जा रही है। दानी स्कूल से लगी दीवार के पास इस तरह के आधा दर्जन कंटेनरनुमा ढांचा बनकर तैयार है। यह वही जगह है, जहां क्रूज बिल्डिंग के लिए प्रस्तावित लोहे का ढांचा बिना उपयोग के सालभर से निगम प्रशासन को मुंह चिढ़ाते खड़ा है। विदित हो कि रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दो फेज में बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण करने के बाद बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट को पर्यटन मंडल के हैंडओवर कर दिया है। बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण में पूववर्ती सरकार के समय महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर जिस सड़क को बंद करा दिया था। उस सड़क को आम जनता और वार्डवासियों की मांग दक्षिण के पूर्व विधायक व सांसद बृजमोहन ने दोबारा खुलवाया। उसी मार्ग पर अब पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी दानी स्कूल से लगी दीवार के किनारे वेंडिंग

## पेज 11 के शेष ...

जोन बनाने जा रही है। क्रूज बिल्डिंग वाले ढांचे के पास पाथवे पर आधा दर्जन कंटेनरनुमा स्मार्ट कियोस्क बनकर तैयार हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में यहां वेंडिंग जोन शुरू होगा। रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है कि बूढ़ातालाब को पीपीपी मोड पर पर्यटन मंडल ने मुंबई की एजेंसी को ठेका दिया है। वहीं कंपनी अब परिक्रमा पथ पर नई लाइटें लगाने से लेकर स्मार्ट कियोस्क बनवा रही है। यहां पर पूर्व में वेंडिंग जोन का प्रस्ताव रहा है।

### सशस्त्र 40 पुलिस...

जा रहा है, इस खबर के बाद वकीलों से लेकर अपने काम से कोर्ट पहुंचे लोग भी अमन का चेहरा देखना चाहते थे। इसके कारण कोर्ट परिसर में अमन को लाते ही वहां भीड़ लग गई थी। हर कोई देखना चाहता था कि गैंगस्टर असल में कैसा दिखता है। यह भीड़ दूसरे माले के हाल में भी थी, जहां की कोर्ट में अमन को पेश किया जाना था। इधर कोर्ट में पेश करने के दौरान सशस्त्र पुलिस के जवान कोर्ट के बाहर से लेकर कोर्ट परिसर तक निगरानी रखे हुए थे।

### 17 साल की उम्र में...

नहीं करने पर उनकी हत्या कर दी गई। इसके अलावा गिरिडीह जेल के जेलर पर फायरिंग का आरोप भी अमन साहू पर लगे थे। झारखंड के कई जिलों में फैला नेटवर्क: अमन साहू गैंग का नेटवर्क झारखंड के रांची, रामगढ़, चतरा, धनबाद, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, बोकारो जैसे कई जिलों में फैला हुआ है। रंगदारी की मांग पूरा नहीं करने पर उसके गैंग के गुर्गे डराने-धमकाने और हत्या की वारदात को अंजाम देते हैं। कई बार हो चुका है गिरफ्तार : खबर के अनुसार गैंगस्टर अमन कई बार गिरफ्तार हो चुका है। सबसे पहली बार वह 2019 में गिरफ्तार हुआ था, लेकिन इस गिरफ्तार के बाद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके 3 साल बाद दोबारा उसे जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह झारखंड के दुमका जेल में बंद है। सूत्रों के अनुसार अमन जेल में रहते भी अब अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। अभी भी उसके इशारे पर ही कई राज्यों में कारोबारी और बिजनेसमेन को निशाना बनाया जा रहा है।

### विंटर शेड्यूल में...

पटना, सूरत सहित अन्य शहरों के लिए फ्लाइट चलाने की मांग की गई थी, जो इस बार भी पूरी होने की गुंजाइश कम है।

### सारनाथ एक्सप्रेस पर...

यात्री सारनाथ से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और पटना नहीं जा पाएंगे। पटना जाने के लिए लोग महीनेभर पहले से रिजर्वेशन कराते हैं। ट्रेन रद्द होने से यात्री को तीन महीने बस का सफर भी करना पड़ सकता है। सामान्य दिनों में सारनाथ में यात्रियों की भारी भीड़ होती है। सफर से 10 दिन पहले भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाता है। रेलवे का मानना है कि सारनाथ लंबी दूरी की ट्रेन है, जो चार राज्यों से होकर गुजरती है। इस रूट पर ठंड के समय अधिक कोहरा होता है, जिससे लोको पायलट को ट्रेन चलाने में दिक्कत होती है। ट्रेन की रफ्तार भी धीमी करनी पड़ती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

